सीसीटीएनएस / ई मेल / फैक्स

# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर लखनऊ–226006

पत्रांक– टीएस–सीसीटीएनएस–93 / 2015

दिनांक:दिसम्बर 05 ,2017

सेवा में,

1. समस्त अपर पुलिस महानिदेशक / पुलिस महानिरीक्षक, जोन, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त पुलिस महानिरीक्षक रेलवेज उत्तर प्रदेश।
3. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, जनपद, उत्तर प्रदेश।
4. पुलिस अधीक्षक, रेलवे ,समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।
5. पुलिस अधीक्षक / सहायक निदेशक, उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ।
6. पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
7. अपर पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

विषय :– **CIPA योजना के अन्तर्गत प्रदान किये गये कम्प्यूटर हार्डवेयर के अकियाशील होने के कारण जनपद व जीआरपी स्तर से 696 अदद नये हार्डवेयर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः–

1. **श्री मणि प्रसाद मिश्र, सचिव, गृह पुलिस अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्या 2847 / 6–पु–7–17–175 / 2017 दिनांक: 14–11–17**
2. **श्री अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव, गृह पुलिस अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्या 2876 / 6–पु–7–17–175 / 2017 दिनांक: 20–11–17**
3. **अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को उनके पत्रांक सात–62–2011 दिनांक 21.11.2017**
4. **इस मुख्यालय के पत्रांक–टीएस–मोड–299 / 2016 दिनांक 24.11.2017**
5. **इस मुख्यालय के समांक पत्र दिनांकित 07.10.2017, 12.10.2017, 13.10.2017, 25.10.2017, समस्त जोन व जी0आर0पी0 मुख्यालय को समांक अर्द्व0शा0 पत्र दिनांकित 25.10.2017, 03.11.2017, 10.11.2017, 20.11.2017, 22.11.2017, 24.11.2017**

कृपया उपरांकित पत्रों में जेम (GeM) पोर्टल पर सामग्री क्रय एवं सेवाओं की आपूर्ति हेतु आई0जी0 / ए0डी0जी0 जोन्स को प्राइमरी यूजर बनाया गया है।

2. वर्तमान में उक्त प्रयोजनार्थ तकनीकी सेवायें के निर्देश पर सीसीटीएनएस योजनान्तर्गत CIPA योजनान्तर्गत प्रदत्त किये गये 696 अदद नये कम्प्यूटर / हार्डवेयर जनपद प्रभारियों द्वारा क्रय हेतु निर्देशित किया गया है, जिसे प्राथमिकता दी जाए।

3. जेम (GeM) से सम्बन्धित क्रय की प्रकिया में किसी असुविधा पर सहयोग हेतु इस मुख्यालय से श्री रामदूत सिंह, प्रोग्रामर ग्रेड–2, प्रभारी NOC सेण्टर, तकनीकी सेवायें, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सीयूजीनं0–7839858257 मो0नं0–9415983724 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है, तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री विवेक त्रिपाठी सीयूजी नम्बर 9454401859 तथा पुलिस उपाधीक्षक श्री सुशील कुमार गंगा प्रसाद को मो0नं0–9454404842 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

4. उपरांकित के सन्दर्भ में अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक समस्त जोन उत्तर प्रदेश तथा पुलिस महानिरीक्षक रेलवेज जोन, उत्तर प्रदेश स्तर से उक्त क्रय का अपने स्तर से जोनवार अनुश्रवण करते हुए दिनांक 01 दिसम्बर 2017 तक का समय आपको प्रदान किया गया जो व्यतीत हो चुका है। उक्त क्रम में अपेक्षित प्रगति आख्या दिनांक 06.12.2017 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

5. इस अवधि में अपेक्षित प्रगति सिर्फ एक जोन में हुई है, अतः आप विलम्बतम दिनांक 08.12.2017 तक क्रय आदेश देने की कार्यवाही करते हुए खरीददारी कर सीसीटीएनएस योजनान्तर्गत CIPA योजनान्तर्गत प्रदत्त किये गये 696 अदद नये कम्प्यूटर/हार्डवेयर जनपद प्रभारी/मुख्यालय/ईकाई स्तर से पूर्व निर्देशों के अनुसार क्रय कराकर भुगतानादेश, फर्म का बिल बाउचर मूल 03 प्रतियों में, बैंक विवरण, पैन नं./टैन नंम्बर, स्टाक इन्ट्री सहित प्रपत्र तथा क्रय किये गये उपकरणों का "क्वालिटी इन्सपेक्शन" तकनीकी समिति द्वारा 48 घंटे में पूर्ण किये जाने का प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें। यह कार्य गठित तकनीकी समिति के समस्त सदस्य अथवा उसमें से न्यूनतम 02 सदस्यों द्वारा किया जाएगा। कृत कार्यवाही की सूचना इस मुख्यालय को तत्काल उपलब्ध कराएँ तथा पुनः ईमेल से प्रगति की आख्या भेजें।

6. यदि दिनांक 08.12.2017 तक कय आदेश पुलिस अधीक्षक जारी नहीं करते हैं या विलम्ब का कारण स्पष्ट नहीं करते हैं तो माना जाएगा कि उक्त जनपद को कम्प्यूटर की आवश्यकता नहीं है। फिर तदनुसार शासन को पत्र लिख दिया जाएगा। बाद में कम्प्यूटर नहीं है, खराब है–आदि बातें स्वीकार्य नहीं होगी।

05/12/2017

(महेन्द्र मोदी)
पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. पुलिस महानिदेशक, रेलवे, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ
4. अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को सूचनार्थ
5. श्री रामदूत सिंह, प्रोग्रामर ग्रेड–2, प्रभारी NOC सेण्टर, तकनीकी सेवायें, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को जेम (GeM) पोर्टल पर आई0जी0/ए0डी0जी0 जोन्स को प्राइमरी यूजर के उपरान्त जनपद के वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक भी द्वितीय यूजर (Secondry user) बनवाकर तीन दिवस में जनपदवार आख्या उपलब्ध करायी जाय।
6. प्रभारी हार्डवेयर, तकनीकी सेवायें को उपरोक्त आवंटित धनराशि के अनुसार कय/अग्रेतर कार्यवाही किये जाने हेतु ।
7. प्रभारी वेबसाइट को ई–मेल व साइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
8. प्रधान लिपिक तकनीकी सेवायें को एक प्रति पत्रावली पत्रांक–टीएस–मोड –299/2016 15 पर अग्रेतर कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।